भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2702
दिनांक 11 **अगस्त**, 2021

राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति, 2018 **संबंधी कार्यक्रम**

2702 **श्री राजमणि पटेल**:
श्रीमती फूलो देवी नेतम:

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति, 2018 में किए गए उल्लेख के अनुसार वर्ष 2030 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथनॉल सम्मिश्रित करने के लक्ष्य की दिशा में कितनी प्रगति हुई है और इसका वर्तमान प्रतिशत कितना है;
(ख) डीजल में बॉयो डीजल के सम्मिश्रण का वर्तमान प्रतिशत कितना है;
(ग) क्या सरकार राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति 2018 द्वारा यथा प्रस्तावित 2030 तक डीजल में बॉयोडीजल के 5 प्रतिशत के सम्मिश्रण के सांकेतिक लक्ष्य का पालन कर रही है; और
(घ) यदि हां, तो इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में की गई प्रगति सहित इसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(**श्री रामेश्वर तेली**)

(क): सरकार ने पेट्रोल में 20% एथेनॉल मिश्रण के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कई कदम उठाए हैं जिनमें एथेनॉल के उत्पादन हेतु गन्ना और खाद्यान्नों (मक्का और भारतीय खाद्य निगम के पास रखे चावल का अधिशेष स्टॉक) का उपयोग करने की अनुमति, एथेनॉल आपूर्ति वर्ष 2017 से वर्ष दर वर्ष एथेनॉल के वर्धित एक्स-मिल मूल्य सहित ईबीपी कार्यक्रम के तहत एथेनॉल की अधिप्राप्ति के लिए प्रशासित मूल्य व्यवस्था, ईबीपी कार्यक्रम के लिए एथेनॉल पर जीएसटी दर को घटाकर 5 प्रतिशत करना, एथेनॉल की अबाधित ढुलाई के लिए उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम में संशोधन, देश में एथेनॉल उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए ब्याज अनुदान

योजना आदि शामिल हैं। दिनांक 02.08.2021 की स्थिति के अनुसार, मौजूदा एथेनॉल आपूर्ति वर्ष 2020-21 के लिए पेट्रोल में औसत एथेनॉल मिश्रण का प्रतिशत इस समय 8.04% है।

(ख) से (घ): डीजल में जैवडीजल मिश्रण का वर्तमान प्रतिशत 0.1% से कम है। राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति-2018 में वर्ष 2030 तक डीजल में 5% जैवडीजल मिश्रण का सांकेतिक लक्ष्य रखा गया है।

जैव डीजल के लिए फीड स्टॉक की अनुपलब्धता और मूल्य में वृद्धि के चलते पिछले कुछ वर्षों से जैवडीजल की उपलब्धता कम रही है। तेल विपणन कंम नियों के अलावा अन्य एजेंसियों द्वारा भी कुछ जैवडीजल की बिक्री की जा रही है।

इसके अलावा, देश में जैवडीजल की आपूर्ति बढ़ाने के लिए, ओएमसीज प्रयुक्त खाद्यय तेल से जैवडीजल के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नियमित रूप से रूचि की अभिव्यक्ति (ईआईआई) मंगा रही हैं।

*****